एक नजर में

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई शपथ

कन्नौद। शासन के निर्देशानुसार भारत की एकता एवं अखंडता के अप्रतिम प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल का 150वा जन्मदिन 31 अक्टूबर को पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसी तारतम्य में सिविल अस्पताल कन्नौद में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश मीणा के द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता तथा सुरक्षा बनाए रखने की शपथ सिविल अस्पताल कन्नौद के अधिकारी व कर्मचारियों को दिलाई गई इस अवसर पर डॉ केशव मीणा, डॉ माल सिंह बेनल, डॉ शिवानी गुर्जर, दिनेश साहू, विनोद भंवर, प्रदीप पवार, नर्सिंग ऑफिसर वंदना मंडलोई ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बसकर अंबिया, शोभा कुकडे , श्रीराम चौहान, महेंद्र जादौन, राजपाल, अरविंद परमार, शगुफ्ता बानो,जरीना शेख आदि समस्त स्टाफ द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने हेतु शपथ ली गई।

अभा ब्राह्मण महासंघ का प्रतिभा सम्मान समारोह 2 को

देवास। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ की एक अति आवश्यक बैठक महासंघ के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में ओदुम्बर धर्मशाला में संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि 2 नवंबर रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह महर्षि गौतम आश्रम बीमा हास्पिटल रोड पर सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी उपस्थित रहे और सम्मान समारोह को भव्यता प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया गया। वरिष्ठ एवं युवा साथियों ने संपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने की बात कही। समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र स्थापक ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा मे 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं खेलकूद में व अन्य गतिविधियों में समाज का नाम रोशन करने वाले 105 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही दोनों पार्टियों में विभिन्न पदों पर रहकर समाज सेवा करने वाले पदाधिकारियों उप वर्ग के समस्त अध्यक्षों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्रीनाथजी और राज राजेश्वर भगवान परशुराम जी को छप्पन भोग अर्पण कर किया जावेगा। बैठक में दीपक जोशी, कृष्णकांत शर्मा, जगदीश कानूनगो, डॉ रितेश शर्मा, सिद्धार्थ अवस्थी, अभिक तिवारी, आदित्य दुबे, कमलेश शर्मा, मयंक उपाध्याय, मनोज शर्मा, अजीत तिवारी, प्रमोद व्यास, नयन कानूनगो, प्रणय व्यास, मनीष जोशी आदि उपस्थित रहे। संचालन सतीश दुबे ने किया। आभार महेंद्र व्यास ने माना।उक्त जानकारी युवा संघ जिला अध्यक्ष छोटू पांडे एवं नगर अध्यक्ष विमल शर्मा ने दी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ली

देवास। समीपस्थ ग्राम बालोदा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री बनें। बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व करने पर उन्हें सरदार की उपाधि मिली। भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि सरपंच, पवन चौधरी सचिव दिनेश गुर्जर, दिनेश चौधरी, बीएलओ मनोज चौधरी, लाखन सिंह ठाकुर, तेजकरण कंडारिया, ब्रह्मानंद गांगुली, घनश्याम पटेल, बद्रीलाल पटेल, दरबार सिंह राजपूत, अनोखी लाल पटेल,संतोष पटेल, मनोहर सिंह पटेल, राकेश एवं मोहम्मद हुसैन आदि उपस्थित थे।

आनंद देवकर की गिरफ्तारी की मांग तेज़

देवास। निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी आनंद देवकर की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। इस मामले में पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है। जानकारी के अनुसार, आरोपी आनंद देवकर ने कई लोगों से निवेश के नाम पर भारी रकम एकत्र की थी। आरोप है कि तय समय बीत जाने के बाद भी उसने न तो रकम लौटाई और न ही किसी प्रकार का निवेश लाभ दिया। पीड़ितों ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने लगभग एक माह पहले आनंद देवकर की पत्नी को गिरफ्तार किया था, लेकिन मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इससे नाराज पीड़ित पक्ष ने कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो अन्य आरोपी भी फरार हो सकते हैं। इस संबंध में डीएसपी संजय शर्मा ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर जांच जारी है। पुलिस टीम फरार आरोपी की तलाश में लगातार प्रयासरत है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना है। पीड़ित दीपक बारौल ने कहा कि आरोपी ने मेहनत की कमाई लेकर हम सभी के साथ धोखा किया है। अब उम्मीद है कि पुलिस जल्द कार्रवाई कर हमें न्याय दिलाएगी।

वाहनों में अवैध रिफिलिंग करने वाले पर कार्रवाई

सोनकच्छ। सोनकच्छ स्थित पुराने बायपास रोड पर घरेलू गैस से अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वाले एक दुकान संचालक पर प्रशासन ने छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। शिकायत मिलने पर तहसीलदार ज्योति जाटव ने खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा के साथ संयुक्त टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान दुकान से कुल 19 गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें से 7 सिलेंडर भरे हुए तथा 12 सिलेंडर खाली पाए गए। टीम ने मौके से गैस रिफिलिंग में उपयोग की जा रही एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी जब्त की। खाद्य अधिकारी ने मौके पर पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा। इस प्रकरण में दुकान संचालक आयुष गुप्ता और तैयब अली के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद नगर में अवैध गैस रिफिलिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि नगर में करीब एक दर्जन से अधिक दुकानों पर घरेलू गैस से रिफिलिंग का कार्य अवैध रूप से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाए हैं कि प्रशासन द्वारा केवल एक स्थान पर ही कार्रवाई की गई, जबकि पुराने बायपास रोड पर चार से अधिक स्थानों पर खुलेआम यह अवैध कार्य जारी है। इससे प्रशासन की कार्रवाई पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

दीपावली मिलन समारोह सह बैठक 2 नवंबरको चापड़ा में

देवास। भौरासा पी एम यू एम शिक्षक संघ देवास का दीपावली मिलन समारोह एवं सह बैठक चापड़ा मेंआयोजित होगी। जानकारी देते हुए संघ के जिला प्रमुख अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि होने वाली इस बैठक में कर्मचारी कल्याण कोष स्थानीय ज्वलंत मुद्दे समय मान वेतन मान,क्रमोंन्नति, समस्त प्रकार के एरियर, ई अटेंडेंस आदि पर विस्तृत चर्चा कर उनके समाधान की रणनीति बनाई जाएगी। बैस ने जिले के शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हमारे सभी अधिकारियों, शिक्षकों, सभी कार्यालयीन कर्मचारियों एवं भृत्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक 2 नवम्बर रविवार को दोपहर 12.30 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्याम नगर, हाटपिपलिया रोड़ चापड़ा पर आयोजित की जायेगी।

अपर तहसीलदार 15,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नामांतरण, दुरुस्तीकरण और नक्शा सुधार के लिए मांगी थी रिश्वत

देवास। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) उज्जैन की टीम ने शुक्रवार को देवास तहसील कार्यालय में कार्रवाई करते हुए अपर तहसीलदार हर्षल बहरानी को 15,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार, कृषक ताराचंद पटेल निवासी नागौरा ने ईओडब्ल्यू को शिकायत दी थी कि उनकी तीन फाइलें नामांतरण, दुरुस्तीकरण और नक्शा सुधार पिछले आठ महीनों से तहसील कार्यालय में लंबित हैं। आरोप है कि अपर तहसीलदार हर्षल बहरानी ने इन फाइलों के निराकरण के लिए पहले 20,000 और बाद में 15,000 की रिश्वत की मांग की थी।

शिकायत पर ईओडब्ल्यू उज्जैन के डीएसपी अमित वट्टी के निर्देशन में टीआई राम यादव सहित लगभग 12 सदस्यीय टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। सत्यापन के बाद शुक्रवार को शिकायतकर्ता ने आरोपी को 15,000 की राशि दी, उसी दौरान टीम ने पंच साक्षियों की मौजूदगी में आरोपी को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत की गई है। आरोपी अधिकारी से रिश्वत की राशि और संबंधित फाइलें जब्त कर ली गई हैं। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

रंगेहाथों पकड़ा

ईओडब्ल्यू ने फरियादी ताराचंद पटेल की शिकायत की जांच की और शिकायत सही पाए जाने पर 31 अक्टूबर 2025 को फरियादी ताराचंद को रिश्वत के 15 हजार रूपये देने के लिए नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी के पास भेजा। रिश्वत देने के लिए नायब तहसीलदार ने फरियादी को अपने केबिन में बुलाया था और वहां पर जैसे ही रिश्वत के 15 हजार रूपये लिए तो ईओडब्ल्यू की टीम ने उन्हें रंगेहाथों धरदबोचा। नायब तहसीलदार के रिश्वत लेते पकड़ाते ही पूरे दफ्तर में हड़कंप मच गया।

खातेगांव विधायक की माता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता श्रीमती सुशीला गोविन्द शर्मा की अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम दर्शन किए और परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। अंतिम यात्रा में विधायक बैतूल एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, राजीव खंडेलवाल, संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

म .प्र . सॉफ्ट टेनिस टीम की कमान जय मीना एवं आद्या तिवारी को

देवास। मध्यप्रदेश सॉफ्ट टेनिस टीम कमान जय मीणा देवास एवं आद्या तिवारी होशंगाबाद को दी गई। मध्यप्रदेश सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में 1 नवंबर से शुरू 6 नवंबर तक खेली जाने वाली 22वी सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम भाग लेंगी । मध्यप्रदेश टीम बालक वर्ग में कप्तान जय मीणा, योगेश चौधरी, राजवीर नागर,यशपाल सिंह पंवार अभिषेक परिहार , निपुण सांगते ,आदित्य बालोदिया, समर्थ भार्गव। बालिका टीम में कप्तान अध्या तिवारी, अंशिका कनोजिया,लेशराम लिंडा, अनुष्का दवंडे, वैष्णवी रघुवंशी ,चारवी सिंह, अंजलि पाटीदार। बालक कोच गौरव कदम बालिका कोच प्रीति पंवार टीम मैनेजर अनुष्का सांगते है।

स्वामी हरिदास जी संगीत जगत में राग ध्रुपद के जनक माने जाते हैं : पीयूष शर्मा

देवास। 30 नवम्बर 2025 को संस्कार भारती देवास द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में तानसेन के गुरु श्री स्वामी हरिदासजी के जीवन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। धनराज द्वारा संस्कार भारती ध्येय गीत का गायन तथा कल्पना नाग द्वारा संस्कार भारती के कार्यों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। कार्यक्रम में उज्जैन से पधारे सुप्रसिद्ध नाट्य लेखक व निर्देशक तथा संस्कार भारती मालवा प्रांत उपाध्यक्ष सतीश दवे द्वारा देवास जिला इकाई के प्रमुख कार्यकर्ताओ की घोषणा भी की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष अरुणा सोनी, महामंत्री राहुल जायसवाल, उपाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, कोष प्रमुख डॉ जुगल किशोर राठौर, आशुतोष सिद्ध एवं धनराज परमार को जिला मंत्री बनाया गया।इंदौर से पधारे विख्यात चित्रकार एवं संस्कार भारती इंदौर महानगर के महामंत्री पीयूष शर्मा के द्वारा स्वामी हरिदास जी पर व्याख्यान में उनके जीवन के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि स्वामी हरिदास जी को संगीत जगत में राग ध्रुपद का जनक माना जाता है। सर्वप्रथम भगवान कृष्ण का नाम बांके बिहारी रखने वाले आप ही थे। कला के ऐसे मूर्धन्य व्यक्तित को आज कला जगत में भी जानने वाले बहुत ही कम है अत: कला जगत के वास्तविक इतिहास का अध्ययन देश एवं कला जगत की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। व्याख्यान के पश्चात भोपाल से पधारी दीक्षा अस्थाना के द्वारा स्वामी हरिदास जी द्वारा रचित भगवान कृष्ण के भजन पर कत्थक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई, साथ ही डॉ जुगलकिशोर राठौर, आशुतोष सिद्ध तथा दीक्षा सिद्ध, डॉ शर्मिला काटे ने कृष्ण भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में संस्कार भारती मालवा प्रांत के संगठन मंत्री राहुल भौमिक, घुंघरू नृत्य अकादमी के प्रफुल गहलोत , महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ घनश्याम दास सोनी, डॉ जायसवाल मैडम, डॉ अनिता भाना, डॉ शर्मिला कांटे के साथ महाविद्यालय के स्टाफ और छात्राएं भी उपस्थित रही।

संचालन आसुतोष सिद्ध ने तथा आभार अरुणा सोनी ने व्यक्त किया।

नवीन कार्यप्रणाली के अन्तर्गत होगी सफाई व्यवस्था, माईक्रो प्लान तैयार

निगम आयुक्त ने बैठक में दिशा निर्देश जारी किये

देवास। शहर की वर्तमान सफाई कार्य व्यवस्था मे कसावट लाकर शहर को साफ सुन्दर बनाने को दृष्टिगत रखते हुये आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा वर्तमान सफाई व्यवस्था के कार्यो की नवीन प्रणाली के तहत करने हेतु सफाई का नवीन माईक्रो प्लान तैयार किया गया है। इसे लागु कर क्रियान्वित करने के पूर्व उनके द्वारा शुक्रवार 31 अक्टुबर को नगर निगम के समस्त वार्डो के सफाई दरोगाओं के साथ अन्य कार्य व्यवस्थाओं के दरोगा, स्वच्छता निरीक्षकों की एक बैठक निगम बैठक हाल मे लेकर आवश्यक मार्ग दर्शन व दिशा निर्देश जारी किये गये है। अब सफाई व्यवस्था प्रतिदिन दोनों समय प्रातरू 7.30 बजे एवं दोपहर पाली मे की जावेगी। जिसमे वार्डो मे तैनात सफाई मित्रों को वार्ड की भौगोलिक स्थिती मे एक निर्धारित मार्ग, सडकों पर क्षेत्रफल के मान से सफाई कार्य व्यवस्था करने की जिम्मेदारी तय की गई है। जिसमे सफाई मित्र को अपनी उपस्थिती दर्ज कराने के पश्चात निर्धारित क्षेत्र मे समयानुसार कार्य करना होगा। इस पर वार्ड दरोगाओं एवं क्षेत्रिय स्वच्छता निरीक्षकों को प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश बैठक मे जारी किये गये। उक्त व्यवस्था अगले सप्ताह सोमवार से लागु होगी। आयुक्त के द्वारा बैठक मे शासन द्वारा निर्धारित ई-अटेन्डेंस की समीक्षा की गई। जिसमे वार्ड दरोओं ने अवगत कराया कि समस्त सफाई मित्रों का ई-अटेन्डेंस मे पंजीयन कराया जा चुका है। आयुक्त ने बैठक मे कहा कि ऐसे कर्मचारी का पंजीयन किसी भी स्थिती मे नही रूकना चाहिये जो कार्य पर उपस्थित होकर काम करता है। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि निगम कचरा वाहनों के उज्जैन रोड स्थित डिपो सहित ट्रेंचिंग मैदान व वार्डो मे ई-अटेन्डेंस की लोकेशन स्थापित हो चुकी है। इस आधर पर शत प्रतिशत उपस्थिती पंजीयन होना अनिवार्य है। इसी के आधार पर माह नवम्बर का वेतन आहरित होगा। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि घरों घर कचरा संग्रहण गाडीयां जीपीएस सिस्टम से जुडी है। वार्ड दरोगा अपने स्वच्छता निरीक्षक वार्डो मे कचरा गाडीयों मे नागरिकों द्वारा डाले जाने वाले गीले,सुखे कचरे पर नियंत्रण रखेगें। वार्ड के क्षेत्रफल के मान से 1, 2 ट्रीप लागान अनिवार्य होगा ताकि पूरे वार्ड से कचरा लिया जा सके।

गाडीयों पर चलने वाले हेल्पर नागरिकों को गाडीयों मे कचरा डालने मे मदद करेगें। दरोगा अपने वार्ड के नागरिकों को गीले, सुखे कचरे के 2-2 डस्टबीन रखने हेतु समझाईश देकर प्रेरित भी करेगें। मध्य शहर के जिन वार्डो में संकरी व तंग गलियों मे गाडीयां नही जा पाती हैं वहां एक मुख्य स्थान का चयन करें। कचरा गाडी एक निर्धारित समय पर खडी की जावे ताकि लोगों द्वारा गलियों,नालियों मे कचरा नहीं डाला जा सके व गंदगी से बचा जा सके। आयुक्त के द्वारा बैठक मे शहर मे रिक्त प्लाटों के आसपास के नागरिक कचरा नहीं डाल सकें इस हेतु प्लाट मालिकों को चिन्हींत कर उन्हें प्लाटों की फैंसिंग दिवारें बनाने हेतु नोटीस जारी करें। खुले प्लाट मालिकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी करें। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के सामने आसपास के क्षेत्रों मे कचरा डालते हैं तो उनकी विडियो शुटिंग मोबाईल से कर अगले दिन पहचान कर चालान बना सकते हैं।

समय से कार्य पर नहीं आने पर होगी कार्यवाही

बैठक मे आयुक्त ने दरोगाओं को निर्देश दिये कि उपस्थिति पंजीयन के पश्चात कर्मचारी बिना कार्य करे अपनी ड्युटी से नही जाना चाहिये। जो कर्मचारी अपने कार्य से लम्बे समय से कार्य पर नहीं आ रहे हैं उन्हें सेवा से प्रथक की कार्यवाही की जावेगी तथा उन्हें पुन नौकरी पर नहीं लिया जावेगा। बैठक मे प्रातरू व दोपहर की सफाई कार्य की रेन्डमली जांच भी की जावेगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जयंती, विद्यार्थियों ने एकता के लिए दौड़ लगाई

सतवास। सतवास के थाना प्रभारी सतवास मनोज सिंह के मार्गदर्शन एवं सांदीपनि शा.उ.मा. वि. सतवास के स्काउट प्रभारी शिक्षक मनोज दुबे के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया । छात्र छात्रा हम सब एक है के नारे लगाते हुए , हाथों में स्टीकर , बैनर , पोस्टर लेकर , दौड़ लगा रहे थे । कैलाश जोशी महाविद्यालय के छात्र - छात्रा, सांदीपनि शा. उ. मा. वि.सतवास के स्काउट, रेडक्रास, और एन.एस.एस. के छात्र - छात्रा , भाजपा के मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश मालवीय , अंकित जायसवाल , पत्रकार संजय शर्मा , हेमंत गुर्जर, महाविद्यालय के प्राचार्य मौर्य सर, उप निरीक्षक विजय सिंह जाट, प्रधान आरक्षक रविराव जाधव, प्रधान आरक्षक गणेश रावत , महिला प्रधान आरक्षक भानु गौर, महिला आरक्षक अंजली कटारे , महिला आरक्षक कामिनी जाट , आरक्षक जयदेव , शुभम् , ईश्वर ,राजेंद्र, अनिल पंवार, शिक्षक , पंकज बैरागी , अहिरवार आदि का महत्व पूर्ण योग दान रहा। मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश मालवीय एवं थाना प्रभारी मनोज सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का महत्व बताया।

पुलिस ने किया मेराथन दौड़ का आयोजन

सोनकच्छ। लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 जयंती का अवसर पर पुलिस परिवार द्वारा यूनिटी ऑफ रन की अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर सोनकच्छ पुलिस परिवार द्वारा देश की एकता और अखंडता को लेकर दो किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ सांवेर स्थित तहसील परिसर के सामने धावक उपस्थित हुए। उसके बाद कार्यवाहक थाना प्रभारी आर के शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारंभ किया। जो भोपाल देवास हाइवे रोड से होती हुई नवीन न्यायालय भवन के सामने पहुंच कर समाप्त हुई। दौड़ में स्कूली एवं कॉलेज छात्र छात्राओं सहित नगर के गणमान्य, नागरिकगण, पत्रकारगण, पुलिसकर्मी शिक्षक ,शिक्षकाओ के साथ एसडीएम प्रिया चंद्रावत, सौभागसिंह ठाकुर, अधिवक्ता सत्य नारायण लाठी नगर सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

30 दिन बाद भी विसर्जित नहीं हो सकी पीओपी से बनी माता की प्रतिमा

सोनकच्छ। यह तस्वीर गुरुवार 30 अक्टूम्बर की है। जिसमें प्रतिमा का पीओपी से बनी माताजी की प्रतिमा 30 दिन बाद भी पूरी तरह विसर्जित नहीं हो पायी है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रतिमाओं का विसर्जन पानी या मिट्टी में पूरी तरह से होना चाहिए। लेकिन दुख का विषय है कि हमारे जलाशयों में पानी नहीं होने के बावजूद प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं। वे पूरी तरह गल नहीं पातीं और बाद में ऐसी अवस्था में दिखाई देने लगती हैं। इन्हें देखकर कहीं न कहीं हमारी आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचती है। मूर्ति छोटी हो या बड़ी क्योंकि प्रतिमाओं में जान आपके विश्वास से ही पूजी जाती है। नगर में गणेशोत्सव, नवरात्र व मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर त्यौहारों के कुछ दिन पूर्व शांति समिति बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया जाता रहा है। सन 2018 से कालीसिंध नदी में प्रतिमा व ताजिए विसर्जन पर रोक प्रशासन द्वारा लगाई गई थी। उसके बाद नप द्वारा डाक बंगला स्थित पेयजल टंकी के पास एक कुंड का निर्माण किया गया। जिसमें प्रतिमाओं व ताजियों का विसर्जन होता आ रहा है। यह रोक एनजीटी के नियमों के तहत लगाई गई थी। उधर इसी कुंड में करीब 30 दिन बाद देखने में आया कि, पीओपी से निर्मित माता की प्रतिमा कुंड अभी भी ऐसी ही हालत में है और विसर्जित नही हो सकी।

एक नजर वृक्षारोपण एवं वानिकी गतिविधियों में स्थानीय जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए

शंकरगढ़ नगर वन क्षेत्र में अब कोई भी व्यावसायिक गतिविधि नहीं होगी

देवास। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (केंद्रीय जोन पीठ, भोपाल) ने अपने निर्णय दिनांक 31 अक्तूबर 2025 में मध्य प्रदेश शासन को निर्देशित किया है कि देवास स्थित शंकरगढ़ नगर वन क्षेत्र, जहाँ पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है, वहाँ किसी भी प्रकार की पर्यटन, मनोरंजन या व्यावसायिक गतिविधि नहीं की जाएगी।

यह आदेश शंकरगढ़ हिल्स के भविष्य को लेकर एक मील का पत्थर माना जा रहा है। एनजीटी ने शासन को निर्देश दिया है कि शंकरगढ़ पहाड़ी के नगर वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की पर्यटन या व्यावसायिक गतिविधि न की जाए, ताकि वहाँ की पारिस्थितिकी और हरियाली संरक्षित रह सके।

अधिकरण ने स्पष्ट कहा है कि वहाँ की जैव विविधता - अर्थात् पौधों, वृक्षों और जीव-जंतुओं का संरक्षण किया जाए। एनजीटी ने यह भी उल्लेख किया है कि वृक्षारोपण एवं वानिकी गतिविधियों में स्थानीय जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि यह प्रयास दीर्घकालिक बने। राजस्व भूमि को केवल वृक्षारोपण और जैव विविधता संरक्षण जैसे कार्यों में ही उपयोग किया जाए। माननीय न्यायाधीश ने आदेश में यह भी निर्देशित किया कि शंकरगढ़ हिल्स का इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन (मिट्टी व नमी संरक्षण सहित पारिस्थितिक पुनर्स्थापन) किया जाए।

मामला और पृष्ठभूमि

वर्ष 2022 में कलेक्टर देवास द्वारा शंकरगढ़ हिल्स की लगभग 50.292 हेक्टेयर भूमि (खसरा नंबर 404, 449 और 450६2) पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की गई थी। इसके बाद यह चर्चा फैल गई कि इस क्षेत्र में मनोरंजन पार्क, फिल्म सिटी और अन्य व्यावसायिक परियोजनाएँ विकसित की जा रही हैं। यह निर्णय एनजीटी के पूर्व आदेश के विपरीत था, जिसमें शंकरगढ़ क्षेत्र को वन संरक्षण और पुनर्स्थापन हेतु आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए थे। यह वही पहाड़ी थी जहाँ खनन गतिविधियाँ वर्षों पहले एनजीटी के आदेश से रोकी गई थीं, और इसके बाद स्थानीय समुदाय, वन विभाग तथा ग्रीन आर्मी टीम ने मिलकर यहाँ हरियाली बहाल करने का अभियान चलाया था। लोगों ने अपने श्रमदान से इसे एक सजीव नगर वन में बदल दिया। परंतु जब वर्ष 2022 में यह भूमि पर्यटन विभाग को दे दी गई, तो उन सभी नागरिकों में भारी आक्रोश उत्पन्न हुआ जिन्होंने वर्षों तक इसे पुनर्जीवित करने में योगदान दिया था।

इसी जनभावना के प्रतिनिधि के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता समरजीत जाधव ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण में याचिका दायर की और मांग की कि यह भूमि पर्यटन विभाग से वापस लेकर वन विभाग को सौंपी जाए, तथा राज्य शासन को शंकरगढ़ हिल्स के पुनर्स्थापन और संरक्षण के लिए निर्देशित किया जाए।

सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने यह स्वीकार किया कि वह अब पर्यटन परियोजना को रद्द कर रहा है, और कलेक्टर देवास ने पर्यटन विभाग को भूमि वापस राजस्व विभाग में पुन: हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भेजा है। पीठ ने इस पर आदेश देते हुए कहा कि कृ शासन उक्त भूमि पर वन की स्थिति बनाए रखेगा, और शंकरगढ़ नगर वन में किसी भी गैर-वन गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वन विभाग वहाँ की जैव विवि तथा स्थानीय जनता की भागीदारी से वृक्षारोपण और संरक्षण कार्य करेगा। इस वाद की पैरवी अधिवक्ता डॉ. सुदेश वाघमारे और अधिवक्ता ओम शंकर श्रीवास्तव ने की, जिन्होंने शंकरगढ़ हिल्स के पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व को न्यायाधिकरण के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।